Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the issue of (REET) Rajasthan Eligibility Examination paper leak.

कर्नल (सेवानिवृत) राज्यवर्धन राठौर : REET परीक्षा में धांधली हुई, पेपर लीक हुआ, परीक्षा केंद्रों में सामूहिक नकल हुई । …(व्यवधान) ये सारी शिकायतें कैंडिडेट्स ने पुलिस और प्रशासन से कीं, लेकिन तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने …(व्यवधान)।

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे आग्रह है कि राजस्थान का नौजवान आंदोलित है । …(व्यवधान) आपने मेरा नाम लिया है, मुझे एक मिनट बोलने दीजिए । …(व्यवधान) हम यह चाहते हैं कि REET की भर्ती रद्द करें, सीबीआई जांच कराएं, सरकार इसे निरस्त करे । …(व्यवधान)

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा) : माननीय अध्यक्ष जी, राजस्थान में भ्रष्टाचार, महिलाओं और बेटियों के साथ होने वाले दुराचार के अलावा REET परीक्षा में अन्याय, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, आज हमारे पूरे प्रदेश में हमारे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, हमारी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आंदोलन कर रहे हैं । …(व्यवधान) आज महिलाओं का बहुत बड़ा आंदोलन चल रहा है, लेकिन राजस्थान सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है । …(व्यवधान)

हम चाहते हैं कि सीबीआई से इसकी जांच हो, एसओजी की जांच को हम स्वीकार नहीं कर रहे हैं। …(व्यवधान) आप इस पर सीबीआई जांच के आदेश दें । …(व्यवधान)